FORM NO. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत––जिला कलक्टर मुकाम : दौसा

रामबाबू बनाम संजय गोयल.

किस्म मुकदमा–शीघ्र सुनवाई प्रा.पत्र नम्बर 65 सन्– 2023

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
25.8.2023	अधिवक्ता प्रार्थी श्री चरण सिंह डोई उपस्थित। अधिवक्ता अप्रार्थी सं0 1 से 11 की ओर से श्री सतीश पारीक उपस्थित। राजकीय अधिवक्ता उपस्थित। अधिवक्ता प्रार्थी ने एक प्रा0पत्र मिसल तलबी व शीघ्र सुनवाई का पेश कर निवेदन किया गया कि उनवानी प्रकरण में आगामी तारीख पेशी दिनांक 15.09.2023 नियत है जो कि काफी लंबी है। उपखंड अधिकारी महवा के पीठासीन अधिकारी श्री संजय गोयल का महवा से अन्यत्र स्थानान्तरण हो गया है। उनके स्थान पर अन्य पीठासीन अधिकारी ने उपखंड अधिकारी महवा के पद पर कार्यग्रहण कर लिया है। श्री संजय गोयल तत्कालीन उपखंड अधिकारी महवा का स्थानान्तरण हो जाने से उक्त स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र इन्फैक्सस हो जाने से चलने योग्य नहीं है। अतः उक्त उनवानी स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र को आगामी तारीख पेशी दिनांक 15.9.2023 से आज ही तलब किये जाने के आदेश फरमावें। अधिवक्ता अप्रार्थी सं0 1 से 11 एवं राजकीय अधिवक्ता ने कोई आपत्ति नहीं होना जाहिर किया। प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया गया। प्रार्थना पत्र शीघ्र सुनवाई स्वीकार किया जाता है। विचाराधीन स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र में आगामी तारीख पेशी दिनांक 15.9.2023 के स्थान पर दिनांक 25.8.2023 नियत की जाती है। मूल पत्रावली नियत तारीख पेशी से तलब होकर दिनांक 25.08.2023 को पेश हो। प्रा0पत्र शीघ्र सुनवाई फैसल होकर मूल स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र की पत्रावली में शामिल रहे। जिला कलेक्टर दौसा जिला कलक्टर दौसा	